राजस्थान सरकार
गृह (ग्रुप–7) विभाग

क्रमांकःप.1(6)गृह–7/2017 जयपुर, दिनांक 25 JAN 2023

:: आदेश ::

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा विज्ञापन संख्या 11/भर्ती/उप समादेष्टा/ईपी–I/2019–20 दिनांक 21.01.2020 के अन्तर्गत राजस्थान गृह रक्षा के उप समादेष्टा पद पर चयन किये जाने की अनुशंषा के आधार पर इस विभाग की आज्ञा प.1(6)गृह–7/2017 दिनांक 21.07.2022 द्वारा श्री चन्द्रेश मित्तल पुत्र श्री गिरीश कुमार मित्तल को राजस्थान गृह रक्षा सेवा में उप समादेष्टा पद पर दो वर्ष की कालावधि के लिए परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी के रूप में नियुक्त करते हुए, निदेशालय, गृह रक्षा में उपस्थिति देने हेतु निर्देशित किया गया था।

श्री चन्द्रेश मित्तल को इस विभाग के समसंख्यक पत्र दिनांक 14.09.2022 द्वारा अन्तिम अवसर देते हुए 15 दिवस की अवधि में कार्यग्रहण करने के निर्देश प्रदान किये गये थे, लेकिन नियुक्ति पत्र जारी होने के पश्चात लगभग 5 माह का समय व्यतीत हो जाने के उपरान्त भी इनके द्वारा अपने पद पर कार्यग्रहण नहीं किया गया है।

अतः श्री चन्द्रेश मित्तल को कार्यग्रहण करने हेतु बार–बार अवसर प्रदान किये जाने के बावजूद भी इनके द्वारा कार्यग्रहण नहीं किये जाने के कारण इन्हें नियुक्ति के लिए इच्छुक नहीं मानते हुए इस विभाग के आदेश दिनांक 21.07.2022 में वर्णित शर्तों के अध्यधीन इनके नियुक्ति आदेश को एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है।

राज्यपाल की आज्ञा से,

(सीमा कुमार)
संयुक्त शासन सचिव,
गृह (आपदा प्रबंधन)

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. सचिव, माननीय राज्यपाल, राजस्थान, जयपुर।
2. प्रमुख शासन सचिव, माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान, जयपुर।
3. संयुक्त सचिव, मुख्य सचिव, राजस्थान जयपुर।
4. विशिष्ट सहायक, माननीय राज्यमंत्री, गृह रक्षा राजस्थान, जयपुर।
5. सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर को पत्र क्रमांक 1708 दिनांक 24.11.2021 के सन्दर्भ में।
6. महानिदेशक एवं महासमादेष्टा गृह रक्षा राजस्थान जयपुर।
7. श्री चन्द्रेश मित्तल, म0नं0 25, महावीर नगर–II, महारानी फार्म, दुर्गापुरा जयपुर पिन–302018
8. वरि0 शासन उप सचिव, गृह (ग्रुप–6) विभाग–उक्त आदेश को विभागीय वेबसाईट पर **"SSO Cancel Appointment (Dy. Commandant, Home Guard) order January, 2023"** शीर्षक से अपलोड करने हेतु।
9. निजी पत्रावली/रक्षित पत्रावली।

Signature valid
संयुक्त शासन सचिव
Digitally signed by Seema Kumar
Designation: Joint Secretary To Government
Date: 2023.01.25 12:45:12 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 3075977

Scanned with CamScanner